विधानसभा / महत्वपूर्ण

संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, mail id- dirfood.cg@gov.in, website- https://fcs.cg.gov.in/)

क्रमांक 635 / संचा–वि.स. / 2026 — नवा रायपुर, दिनांक 25/02/2026

प्रति,

1 **समस्त कलेक्टर,**
छत्तीसगढ़

2 **प्रबंध संचालक,**
छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, 06 फ्लोर, टॉवर ''सी'' कमर्शियल काम्पलेक्स, सी.बी.डी., सेक्टर–21, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

3 **प्रबंध संचालक,**
अपेक्स बैंक
छत्तीसगढ़

विषय– **विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1870 तारांकित द्वारा श्री भूपेश बघेल, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत।**

——00——

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न कमांक **1870 तारांकित** की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर **'यूनिकोड फॉन्ट'** में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 28.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से (तारांकित प्रश्नों का अतिरिक्त जानकारी के साथ) भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

सहायक संचालक
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर.
संचालनालय, रायपुर

पृ.कमांक 636 / संचा–वि.स. / 2026 — नवा रायपुर, दिनांक 25/02/2026

प्रतिलिपि–

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सहायक संचालक
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर.
संचालनालय, रायपुर

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **09/03/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **16/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **धान खरीदी का लक्ष्य एवं भुगतान**

(तारांकित प्रश्न क्रमांक : **1870) श्रीभूपेश बघेल**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) चालू खरीफ वर्ष 2025-26 हेतु धान खरीदी का कुल लक्ष्य क्या था? इसके विरुद्ध कितनी खरीदी हुई (प्रतिशत सहित) तथा कुल पंजीकृत किसानों में से कितने किसानों का संपूर्ण धान क्रय किया गया? (जिलावार जानकारी दें)? (ख) तकनीकी कारणों या समय-सीमा समाप्ति से कितने टोकन निरस्त हुए? क्या विभाग के पास धान बेचने से वंचित रह गए पंजीकृत किसानों का डेटा है? (जिलावार जानकारी दें)? (ग) पंजीकृत ऋणी किसानों में से कितनों का धान शत-प्रतिशत खरीदा गया? जो किसान धान नहीं बेच पाए, उनकी ऋण अदायगी व बैंकों की वसूली प्रक्रिया पर शासन की नीति क्या है? (घ) अब तक कितने किसानों को भुगतान प्राप्त हुआ तथा कितनी राशि लंबित है? क्या एग्रीस्टेक पोर्टल का डेटा त्रुटिपूर्ण है? क्या बिना 'भौतिक सत्यापन' के किसानों का रकबा शून्य किस नियम के तहत किया गया? इस के लिए जिम्मेदार अधिकारी या एजेंसी पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है?

Sent From : vidhan | Sent Date : 25/02/2026 10:40:14 **|**

Remark :